# CBSE Question Paper 2018
## Class 10 सामाजिक विज्ञान

**निर्धारित समय:** 3 घंटे
**अधिकतम अंक:** 80

**सामान्य निर्देश:**

i. इस प्रश्न-पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं| सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
ii. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं |
iii. प्रश्न संख्या 1 से 7 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का हैं |
iv. प्रश्न संख्या 8 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का हैं | इनमें से प्रत्येक का उत्तर 80 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए |
v. प्रश्न संख्या 19 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है| इनमें से प्रत्येक का उत्तर 100 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए |
vi. प्रश्न संख्या 26 मानचित्र से संबंधित है | इसके दो भाग हैं 26(A) और 26(B)/26(A) 2 अंक इतिहास से तथा 26(B) 3 अंक का भूगोल से है | मानचित्र का प्रश्न पूर्ण होने पर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथी नत्थी करें |
vii. पूर्ण प्रश्न-पत्र में विकल्प नहीं हैं | फिर भी कई प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं | ऐसे सभी प्रश्नों में से प्रत्येक से आपको एक ही विकल्प हल करना है |

---

1. 1885 में यूरोप के ताकतवर देशों की बर्लिन में बैठक क्यों हुई?

   **अथवा**

   सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दियों में यूरोपीय शहरों के सौदागर गाँवों की और रुख क्यों करने लगे थे?

   **अथवा**

   1887 में लीवरपूल के एक जलपोत मालिक चार्ल्स बूथ ने ईस्ट एंड (पूर्वी चोर) में लंदन के अल्पकुशल मजदूरों का पहला सामाजिक सर्वेक्षण क्यों किया ?
2. 'रोमन कैथलिक चर्च' ने प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं पर पाबंदियाँ क्यों लगाई?

   **अथवा**

   उपन्या सजनभाषा उपयोग क्यों करते हैं?
3. उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण कीजिए|
4. 'चुनौती कोई समस्या नहीं है, बल्कि उन्नति का अवसर है |' कथन का विश्लेषण कीजिए |

5. आय के अतिरिक्त विकास के किन्हीं दो लक्ष्यों का उल्लेख कीजिए |
6. जब हम प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके वस्तुओं का उत्पादन करते हैं, तो इस प्रकार की गतिविधियाँ किस आर्थिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती हैं?
7. साख (ऋण) के अनौपचारिक क्षेत्रक के कोई दो उदहारण दीजिए|
8. 'रिंडरपेस्ट का 1890 के दशक में अफ्रीका के लोगों की आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभावों का वर्णन कीजिए |

**अथवा**

19वीं शताब्दी में भारतीय बुनकरों की किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं वर्णन कीजिए |

**अथवा**

19वीं शताब्दी के दौरान लंदन साफ-सुथरा करने के लिए उठाए गए किन्हीं तीन क़दमों का वर्णन कीजिए |

9. " 'मुद्रण क्रांति' ने सुचना और ज्ञान से उनके संबंधों को बदलकर लोगों की जिंदगी बदल दी|" कथन का विश्लेषण कीजिए |

**अथवा**

जेन ऑस्टिन और शारलॉट ब्रांट द्वारा क्रमशः लिखित 'प्राइड एंड प्रेज्यूडिस' तथा 'जेन' आयर' उपन्यासों की विषय-वास्तु में अंतर स्पष्ट कीजिए |

10. भारत में उद्योगों की बढती हुई संख्या के कारण अलवणीय जल संसाधनों पर दबाव किस प्रकार बढ़ रहा है ? व्याख्या कीजिए |
11. "सघन और सक्षम परिवहन का जाल स्थानीय और राष्ट्रीय विकास हेतु पूर्व-अपेक्षित है|" कथन का विश्लेषण कीजिए|
12. तीसरे प्रकार की शासक व्यवस्ठा को अधिक प्रभावी और शक्तिशाली बनाने के लिए 1992 में ' भारतीय संविधान में किए गए संशोधन के किन्हीं तीन प्रावधानों का वर्णन कीजिए |
13. सामाजिक विभाजन की राजनीति के परिणामों को निर्धारित करने वाले तीन कारकों की व्याख्या कीजये |
14. "धर्म -निरपेक्षता कुछ व्यक्तियों या पार्टियों की एक विचारधारा नहीं है, परन्तु यह हमारे देश की नीवों में से एक है |" कथन की परख कीजिए |
15. धारणीयता का मुद्दा विकास के लिए किस प्रकार महत्वपूर्ण है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए|
16. संगठित और असंगठित क्षेत्र की सेवा शर्तों में अंतर स्पष्ट कीजिए|
17. देश के विकास के लिए सस्ता और सामर्थ्य के अनुकूल कर्ज आवश्यक क्यों है? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए |
18. बाजार में शोषण से बचाने के लिए उपभोक्ताओं में जागरूकता कैसे फैलाई जा सकती है? किन्हीं तीन तर्कों को स्पष्ट कीजिए |
19. यूरोप में 1871 के बाद बाल्कन क्षेत्र में बनी विस्फोटक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए

**अथवा**

वियतनाम में उपनिवेशवाद के विरुद्ध भावनाओं के विकास में विभिन्न धार्मिक समूहों की भूमिका का वर्णन कीजिए |

20. 'असहयोग आन्दोलन' किस प्रकार शहरी मध्य वर्ग की हिस्सेदारी के साथ शहरों में शुरू हुआ ? आर्थिक मोर्चे पर इसके प्रभावों की व्याख्या कीजिए |

**अथवा**

कांग्रेस, संगठन में महिलाओं को किसी भी महत्वपूर्ण पद पर जगह देने से क्यों हिचकिचाती रही? महिलाओं ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन में किस प्रकार भाग लिया ? स्पष्ट कीजिए|

21. "1980 व 1990 के दशक में भारत सर्कार ने कृषि सुधर के लिए अनेक संस्थागत तथा प्रौद्योगिकीय सुधारों की शुरुआत की |" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए|

**अथवा**

भारत में प्रचलित 'गहन जीविका कृषि' और वाणिज्यिक कृषि' की तुलना कीजिए|

22. किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उद्योगों के विकास से क्यों मापी जाती है? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए|

23. लोकतंत्र में राजनितिक दलों के किन्हीं पाँच प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए |

24. "व्यक्ति की आजादी और गरिमा के मामले में लोकतांत्रिक व्यवस्था किसी भी अन्य शासन प्रणाली से काफी आगे है |" इस कथन को न्यायसांगत ठहराइए |

**अथवा**

"लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ शान्ति और सद्भाव का जीवन जीने में नागरिकों के लिए मददगार साबित होती है ?" इस कथन को न्यायसंगत ठहरिए |

25. विदेश व्यापार किस प्रकार विभिन्न देशों के बाजारों का एकीकरण कर रहा है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए |

**अथवा**

हम अपने दैनिक जीवन में वैश्विकरण के प्रभावों का किस प्रकार अनुभव करते हैं ? उदाहरों सहित व्याख्या कीजिए |

26. A. दो लक्षण a और b दिए गए भारत के राजनितिक रेखा-मानचित्र में अंकित किए गए हैं | इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खिंची गई रेखाओं पर लिखिए:
    a. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ |
    b. वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने सूती मिल मजदूरों के पक्ष में सत्याग्रह किया |

    B. इसी दिए गए भारत के राजनितिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए:
    i. राजा साँसी - अन्तराष्ट्रीय हवाई-पत्तन
    ii. भद्रावती-लोहा एवं इस्पात संयंत्र
    iii. पश्चिमी बंगाल का सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)
Outline Map of India (Political)

